अर्धवार्षिक परीक्षा 2017–18

कक्षा – 10वी

विषय – सामाजिक विज्ञान

समयः–3घंटे | पूर्णांक : 100

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 6 से 26 में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक के लिये 1x5 अंक आबंटित है।
(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के प्रश्नो में 2 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 30)
(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक के प्रश्नों में 3 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 75)
(5) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक के प्रश्नों में 4 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 75)
(6) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक के प्रश्नो में 5 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 75)

प्रश्न 1– सही विकल्प चुनकर लिखिये– 1x 5 = 5

(1) केवला देव घाना पक्षी विहार स्थित है–
(अ) केरल में (ब) राजस्थान में
(स) पश्चिम बंगाल में (द) मध्यप्रदेश में

(2) विदेशों में रह रहे लोगों से बात करने हेतु भारत में उपलब्ध दूरसंचार सेवा–
(अ) बी.पी.टी. (ब) आई.एस.डी
(स) एस.टी.डी. (द) डब्लयू.एल.एल

(3) 1857 के संग्राम के समय भारत के गर्वनर जनरल थे–
(अ) डलहौजी (ब) बैटिंग
(स) कैनिंग (द) रिपन

(4) राज्यसभा में सदस्यों की संख्या है–
(अ) 200 (ब) 232
(स) 245 (द) 250

(5) देश की प्रति व्यक्ति आय की गणना किस आधार पर की जाती है।
(अ) उस देश की जनसंख्या से
(ब) विश्व की जनसंख्या से
(स) राज्यों की जनसंख्या से
(द) अन्य देशों की जनसंख्या से

प्रश्न. 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – 1x5 = 5

(1) अर्थव्यवस्था को .... क्षेत्रो में विभाजित किया गया हैं।
(2) चूहों द्वारा फैलने वाला रोग .... है।
(3) दिल्ली की जनता ने .... को भारत का सम्राट घोषित किया।
(4) रानी लक्ष्मीबाई ने .... की मदद से ग्वालियर पर अधिकार किया था।
(5) संविधान सभा के अध्यक्ष .... थे।

http://www.mpboardonline.com

प्रश्न. 3 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिय – 1x5 = 5

(1) डेल्टाई भागों में सामान्यतः कौन–सी मिट्टी पाई जाती है?
(2) भारत में पशुओं पर आधारित दो उद्योग कौन से है?
(3) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना कब लागू की गई?
(4) रिक्टर पैमाने पर क्या मापा जाता है?
(5) संविधान में नागरिकों को कितने मूल अधिकारा प्रदान किये गये हैं?

प्रश्न. 4 सही जोड़ियाँ बनाइये – 1x5 = 5

अ	**ब**
1. विधान सभा	क. सर्वोच्च न्यायालय
2. संविधान की व्याख्या	ख. केन्द्र सरकार
3. संघ सूची	ग. राज्य विधान मण्डल
4. लोकसभा का सदस्य	घ. राष्ट्रपति
5. अध्यादेश जारी करना	ड़ भारत का नागरिक

प्रश्न. 5 सत्य/असत्य बताइये – 1x5 = 5

(1) भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।
(2) व्यवस्थापिका का कार्य कानून का निर्माण करना है।
(3) आद्यौगिक क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है।
(4) भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति प्रधानमंत्री करते हैं।
(5) भारत में पहली रेल गाड़ी सन् 1853 में चली थी।

प्रश्न.6 मृदा अपरदन से क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

भौम जल पाने के दो स्रोत लिखिये

प्रश्न.7 सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दो प्रमुख नेताओं के नाम लिखिये 2

अथवा

1857 की क्रांति के दो प्रमुख केन्द्र लिखिये।

प्रश्न.8 मुद्रा के कोई दो कार्य लिखिये 2

अथवा

राष्ट्रीय आय ज्ञात करने का सुत्र लिखिये।

प्रश्न. 9 अधोसंरचना के प्रकार लिखिये। 2

अथवा

सेवा क्षेत्र क्या है?

प्रश्न. 10 प्रधानमंत्री के दो कार्य लिखिये। 2

अथवा

संविधान सभा के दो सदस्यों के नाम लिखिये

प्रश्न.11_जल संरक्षण के कोई तीन उपाय लिखिये 3

अथवा

हरित क्रांति की तीन विशेषताएँ लिखिये

http://www.mpboardonline.com

प्रश्न.12 1857 की क्रांति के कोई तीन कारण लिखिये 3

अथवा

1857 की क्रांति की असफलता के कोई तीन कारण लिखिये

प्रश्न.13 भारत में राष्ट्रीय जागृति के कोई तीन कारण लिखिये 3

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक पर टिप्पणी लिखिये –

1.बाल गंगाधर तिलक

2.विपिन चंद्र पाल

3.लाला लाजपत राय

4.

प्रश्न.14 वन संरक्षण के तीन उपाय लिखिये 3

अथवा

वनों से होने वाले कोई तीन प्रत्यक्ष लाभ लिखिये।

प्रश्न.15 लोहे और इस्पात को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है? 4

अथवा

बॉम्बे हाई' क्या है?

प्रश्न.16 बंदरगाह एवं पत्तन में क्या अंतर है? 4

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले कोई चार उपाय लिखियें।

प्रश्न.17 सूखा आपदा से निपटने के लिये कोई चार उपाय लिखिये। 4

अथवा

आपदा के प्रकारों का उल्लेख कीजियें।

प्रश्न.18 जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना को लिखिये। 4

अथवा

सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाये जाने के क्या कारण थे?

प्रश्न.19 जंगल सत्याग्रह क्या है? 4

अथवा

झण्डा सत्याग्रह पर टिप्पणी लिखिये।

प्रश्न.20 भारतीय संविधान की कोई चार विशेषताओं का वर्णन कीजिये 4

अथवा

नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न.21 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के उद्देश्य लिखिये। 4

अथवा

अर्थव्यवस्था के प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्र को उदाहरण सहित समझाइये।

http://www.mpboardonline.com

प्रश्न.22 निम्नलिखित मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाइये। 5

1. कुहरा 2. ओला 3. वर्षा 4. हिम 5. कुहासा

अथवा

भारत के दिये गये सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइये –

1.गंगा नदी 2. चिल्का झील 3. नर्मदा नदी 4. छोटा नागपुर का पठार 5. मुम्बई

प्रश्न 23 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मागांधी के योगदान (भूमिका) का वर्णन कीजिये। 5

अथवा

राष्ट्रीय आंदोलन में मध्यप्रदेश का योगदान बताइये।

प्रश्न 24 व्यवस्थापिका (संसद) के प्रमुख कार्य लिखिये। 5

अथवा

राष्ट्रपति के संकटकालीन अधिकारों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न.25 जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखिये 5

अथवा

सामप्रदायिकता दूर करने के पांच उपाय लिखिये।

प्रश्न.26 भारत में बेरोजगारी दूर करने के उपायों का वर्णन कीजिये। 5

अथवा

1857 की क्रांति के पाँच परिणाम लिखिये।

....................00..................

http://www.mpboardonline.com